# 2020

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

### खण्ड – क
### (पद्य : 7+15 = 22 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहता हूँ

एक घर में

प्राचीन किन्तु जीर्ण-शीर्ण

टूट चुका है

जिसका प्रत्येक द्वार

पहले ही।

*अथवा*

(ख) चढ़ रही थी;

गर्मियों के दिन,

दिवा का तमतमाता रूप;

उठी झुलसाती हुई लू;

रूई ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगीं छा गई ।

*निर्देश*:* प्रश्न-संख्या *2* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *3* और *4* के उत्तर लगभग *25–25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *5* का उत्तर लगभग *20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *6* और *7* के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *8* का सही उत्तर नीचे दिये गये संभावित विकल्पों में से चुनकर कोष्ठक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. 'उर्मिला' पाठ के आधार पर उर्मिला की विरह-व्यथा का चित्रण कीजिए । 4

3. 'ताज' कविता में चित्रित बदलते समाज का चित्रण कीजिए । 3

4. कबीरदास के अनुसार गुरु की महिमा स्पष्ट कीजिए । 3

5. 'गुरु गोविन्द तो एक है, दुजा यहु आकार ।' 2

   —उपर्युक्त पंक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए ।

6. 'घर-आँगन अति चलत सुगम भए, देहरि लौं अटकावत ।' 1

   —उपर्युक्त पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

7. बलराम भैया कृष्ण को क्या-क्या कहकर खिझाता है ? 1

8. 'यश की खोज' कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? 1

(क) हिजम अडाङहल

(ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(घ) सुमित्रानन्दन पन्त

**खण्ड –ख**

**(गद्य : 28 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) यदि हमें जीवित रहना है और सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करनी है तो हमें श्रमपूर्वक उत्साह से साहित्य का उत्पादन और प्राचीन साहित्य की रक्षा करनी चाहिए ।

***अथवा***

(ख) औरत की बेइज्जती औरत की बेइज्जती है, वह हिन्दू या मुसलमान की नहीं, वह इन्सान की माँ की बेइज्जती है ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***11*** और ***12*** के उत्तर लगभग ***25–25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***13, 14*** और 15 के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***16, 17*** और 18 के उत्तर **एक-एक** वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या ***19*** और ***20*** के उत्तर नीचे दिये गये संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. हिन्दी के हारने के मुख्य कारणों को स्पष्ट कीजिए । 4

11. नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बुरे परिणाम क्या-क्या हैं ? 3

12. लेखक के गाँव में मनाई गई रामलीला के बारे में लिखिए । 3

13. 'बदला' कहानी का मुख्य स्वर क्या है ? 2

14. किशोरावस्था में कौन-सी जिज्ञासा रहती है ? 2

15. लेखक महावीर प्रसाद द्विवेदी के अनुसार हमारा परम धर्म क्या है ? 2

16. संजीवनी औषधि क्या है ? 1

17. युवा पीढ़ी को कौन-सी शिक्षा दी जाना चाहिए ? 1

18. 'अनन्त' क्या है ? 1

19. 'पर मुसीबत में किसी का कोई नहीं है, सब अपने ही अपने हैं.... ' ? 1

— उपर्युक्त कथन किसका है ?

(क) सुरैया

(ख) हिन्दू

(ग) सिख

(घ) आबिद

20. 'मेरा बचपन' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) अज्ञेय

(ग) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(घ) डॉ० विद्यानिवास मिश्र

## खण्ड – ग

(पूरक पुस्तक : 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *21* और *22* के उत्तर लगभग *40 – 40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *23* और *24* के उत्तर लगभग *20 – 20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *25* और *26* के उत्तर *एक-एक* वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *27* के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

21. मणिपुर में खेल की प्रगति को बढ़ाने के लिए क्लब और संस्थान क्या-क्या करते हैं ? 4

22. प्रेमचन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ? उसके माँ-बांप का नाम क्या था ? 2+2 = 4

23. शगोल काङजै खेल के खिलाड़ी की आवश्यक योग्यता क्या है ? 2

24. लमही में सबसे पढ़ा-लिखा वर्ग कौन-सा है ? वे क्या-क्या व्यवसाय करते हैं ? 1+1 = 2

25. मैथिलीशरण गुप्त के मतानुसार हमें कैसा प्रेम करना चाहिए ? 1

26. आज के आधुनिक मानव के दिमाग में खालीपन क्यों नहीं है ? 1

27. लमही गाँव शहर से करीब कितनी दूर है ? 1

(क) पाँच मील (ख) चार मील

(ग) तीन मील (घ) दो मील

## खण्ड – घ

(वाचन : 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *28* का उत्तर लगभग *25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *29, 30* और *31* के उत्तर लगभग *20–20* शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *32* का उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।

नीचे दिये गये गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विद्यार्थी के चारित्रिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यामिक विकास के लिए उपयुक्त शिक्षा का होना बहुत आवश्यक है । उपयुक्त शिक्षा उसी विद्यालय या कॉलेज में प्राप्त की जा सकती है जहाँ अनुशासन हो तथा अध्यापकों में पढ़ाने की लगन हो । शिक्षा प्रणाली को पूर्ण रूप से सफल बनाने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों पर है । वे यदि तरह-तरह के दंग-फसादों से दूर रहकर मन लगाकर विद्याध्ययन करेंगे तो सभी कठिनाइयाँ दूर जो जाएँगी ।

28. विद्यार्थी का चारित्रिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास कैसे होता है ? 3

29. जीवन की कठिनाइयों को विद्यार्थी कैसे दूर कर सकता है ? 2

30. कौन शिक्षा प्रणाली को पूर्ण रूप से सफल बना सकता है ? 2

31. उपयुक्त शिक्षा कहाँ-कहाँ प्राप्त की जा सकती है ? 2

32. 'अध्यापक' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

## खण्ड – ङ

(लेखन : 10 अंक)

33. 'मणिपुर में खेल-कूद का महत्त्व' अथवा 'मेरे जीवन का लक्ष्य' विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए । 5

34. मान लीजिए कि आप 'जागृति' नामक एक समाचार-पत्र के रिपोर्टर सुरेश वर्मा हैं। भारत की दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही जनसंख्या के विषय में आप अपने समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए। 5

खण्ड – च
(व्याकरण : 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *35* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *36* का उत्तर लगभग *25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *37* और *38* के उत्तर लगभग *20–20* शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *39* से *42* तक के उत्तर **एक-एक** शब्द अथवा शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए।

35. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 4

36. भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं ? भाववाचक संज्ञा किन-किन से बनाई जाती है ? एक उदाहरण दीजिए । 1+1+1 = 3

37. उपवाक्य किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखिए । 2

38. मिश्रित वाक्य की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

39. 'आँखें खुलना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

40. 'बद' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए । 1

41. 'साँप मरे न लाठी टूटे' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'ता' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए । 1